भारत सरकार

अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय

**लोक सभा**

**अतारांकित प्रश्न संख्या : †3088**

उत्तर देने की तारीख : 11.03.2026

**'उम्मीद केंद्रीय पोर्टल**

**†3088. श्री जुगल किशोर:**

क्या **अल्पसंख्यक कार्य** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) वक्फ संशोधन अधिनियम, 2005 के प्रभावी होने के पश्चात् एकीकृत वक्फ प्रबंधन, सशक्तीकरण, दक्षता और विकास (उम्मीद) केंद्रीय पोर्टल-2025 के कार्यान्वयन की प्रगति का ब्यौरा क्या है;

(ख) उक्त पोर्टल पर अपलोड की गई/सत्यापित की गई/अस्वीकार की गई वक्फ संपत्तियों और पंजीकरण तथा मुकदमेबाजी जैसे शुरू किए गए मॉडयूल का ब्यौरा क्या है; और

(ग) क्या उक्त पोर्टल के वक्फ के शासन और सामुदायिक कल्याण पर पड़ने वाले प्रभाव का कोई मूल्यांकन किया गया है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

**उत्तर**

**अल्पसंख्यक कार्य मंत्री**
**(श्री किरेन रीजीजू)**

(क) एवं (ख): एकीकृत वक्फ प्रबंधन, सशक्तीकरण, दक्षता और विकास अधिनियम, 1995 की धारा 3(टक) के प्रावधानों के अनुसार, एक वैधानिक पोर्टल अर्थात् UMEED केंद्रीय पोर्टल-2025 विकसित किया गया है तथा 06.06.2025 को प्रारंभ किया गया है। इस पोर्टल का उद्देश्य मौजूदा वक्फ तथा वक्फ को समर्पित संपत्तियों का विवरण अपलोड करना, नए वक्फ का पंजीकरण करना तथा अधिनियम के प्रावधानों के अनुरूप वक्फ के समग्र प्रबंधन एवं अभिशासन को सुगम बनाना है। यह पोर्टल मेकर-चेकर-अप्रूवर कार्यप्रणाली पर कार्य करता है। मेकर द्वारा अपलोड की गई जानकारी को आगे चेकर द्वारा सत्यापित किया जाता है और अंततः अनुमोदनकर्ता द्वारा अनुमोदित किया जाता है।

दिनांक 09.03.2026 की स्थिति के अनुसार, कुल **6,36,558** वक्फ संपत्तियों के विवरण अपलोड करने की प्रक्रिया शुरू की गई है, जिनमें से **3,00,127** वक्फ संपत्तियों को अनुमोदनकर्ता द्वारा सत्यापित एवं अनुमोदित किया जा चुका है, जबकि **37,512** वक्फ संपत्तियों को सत्यापन के दौरान अस्वीकृत कर दिया गया है। दिनांक 09.03.2026 की स्थिति के अनुसार प्रगति रिपोर्ट **अनुबंध-I** में संलग्न है।

पोर्टल के प्रारंभ होने के बाद से निम्नलिखित मॉड्यूल शुरू किए गए हैं:

| **क्र.सं.** | **मॉड्यूल का नाम** | **शुरूआत की तिथि** |
|---|---|---|
| 1. | मौजूदा वक्फ संपत्तियों का विवरण अपलोड करना | 06.06.2025 |
| 2. | कलेक्टर मॉड्यूल (नए वक्फ पंजीकरण के लिए मॉड्यूल) | 04.07.2025 |
| 3. | वक्फ-अलल-औलाद मॉड्यूल | 27.08.2025 |
| 4. | संस्थान अभिशासन मॉड्यूल | 03.10.2025 |
| 5. | मुकदमा प्रबंधन मॉड्यूल | 03.10.2025 |
| 6. | वक्फ संपत्ति पट्टा प्रबंधन मॉड्यूल | 30.01.2026 |
| 7. | सर्वेक्षण मॉड्यूल | 30.01.2026 |

(ग): UMEED नियमावली, 2025 के नियम 3 के अनुसार, अपलोड किए गए डेटा की जांच की गई और इसमें विशेष रूप से वक्फ संपत्तियों के क्षेत्रफल से संबंधित त्रुटिपूर्ण प्रविष्टियां पाई गईं। तदनुसार, सभी राज्य वक्फ बोर्डों को प्रासंगिक भूमि रिकॉर्ड के संदर्भ में क्षेत्रफल के विवरण को फिर से सत्यापित करने की सलाह दी गई है।

पोर्टल के मॉड्यूल में से एक 'वक्फ-अलल-औलाद मॉड्यूल' है, जिसे वक्फ-अलल-औलाद संपत्तियों से संबंधित विधवाओं, तलाकशुदा महिलाओं और अनाथों को लाभान्वित करने की प्रक्रिया को सरल बनाने के लिए डिज़ाइन किया गया है। इसका उद्देश्य सामुदायिक कल्याण के लिए वक्फ संसाधनों का बेहतर उपयोग और इनके अभिशासन में सुधार करना है।

*****

**अनुबंध-I**

**'उम्मीद केंद्रीय पोर्टल' विषय पर श्री जुगल किशोर द्वारा पूछे गए तथा दिनांक 11.03.2026 को उत्तर दिए जाने हेतु लोक सभा अतारांकित प्रश्न संख्या 3088 के भाग (क) एवं (ख) के उत्तर में संदर्भित अनुबंध**

**वक्फ प्रगति रिपोर्ट**

| क्र. सं. | राज्य वक्फ बोर्ड | मेकर द्वारा प्रविष्टि के लिए शुरू की गई वक्फ संपत्तियों की संख्या | मेकर द्वारा प्रस्तुत की गई वक्फ संपत्तियों की संख्या (चेकर के पास लंबित) | चेकर द्वारा प्रस्तुत की गई वक्फ संपत्तियों की संख्या (अनुमोदनकर्ता के पास लंबित) | अनुमोदनकर्ता द्वारा स्वीकृत वक्फ संपत्तियों की संख्या | अब तक शुरू/ पूर्ण की गई वक्फ संपत्तियों की कुल संख्या | चेकर/अनुमोदनकर्ता द्वारा अस्वीकृत वक्फ संपत्तियों की कुल संख्या (मेकर के पास लंबित) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | (A) | (B) | (C) | (D) | (A+B+C+D+E) | (E) |
| 1 | अंडमान और निकोबार द्वीप समूह | 58 | 0 | 1 | 147 | 213 | 7 |
| 2 | आंध्र प्रदेश | 254 | 705 | 150 | 11237 | 12463 | 117 |
| 3 | अरुणाचल प्रदेश | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 4 | असम | 67 | 428 | 0 | 171 | 684 | 18 |
| 5 | बिहार शिया | 463 | 33 | 5 | 4778 | 5349 | 70 |
| 6 | बिहार सुन्नी | 1343 | 2315 | 30 | 6634 | 11139 | 817 |
| 7 | चंडीगढ़ | 1 | 0 | 0 | 22 | 23 | 0 |
| 8 | छत्तीसगढ़ | 147 | 117 | 16 | 1723 | 2158 | 155 |
| 9 | दिल्ली | 269 | 2846 | 0 | 64 | 3183 | 4 |
| 10 | गोवा | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 11 | गुजरात | 2940 | 306 | 346 | 22530 | 27455 | 1333 |
| 12 | हरियाणा | 409 | 0 | 0 | 12920 | 13449 | 120 |
| 13 | हिमाचल प्रदेश | 58 | 16 | 0 | 837 | 915 | 4 |

| क्र. सं. | राज्य वक्फ बोर्ड | मेकर द्वारा प्रविष्टि के लिए शुरू की गई वक्फ संपत्तियों की संख्या | मेकर द्वारा प्रस्तुत की गई वक्फ संपत्तियों की संख्या (चेकर के पास लंबित) | चेकर द्वारा प्रस्तुत की गई वक्फ संपत्तियों की संख्या (अनुमोदनकर्ता के पास लंबित) | अनुमोदनकर्ता द्वारा स्वीकृत वक्फ संपत्तियों की संख्या | अब तक शुरू/ पूर्ण की गई वक्फ संपत्तियों की कुल संख्या | चेकर/अनुमोदनकर्ता द्वारा अस्वीकृत वक्फ संपत्तियों की कुल संख्या (मेकर के पास लंबित) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | (A) | (B) | (C) | (D) | (A+B+C+D+E) | (E) |
| 14 | जम्मू एवं कश्मीर | 222 | 2 | 0 | 25466 | 25743 | 53 |
| 15 | झारखंड | 220 | 711 | 0 | 107 | 1038 | 0 |
| 16 | कर्नाटक | 4307 | 76 | 55 | 52609 | 58218 | 1171 |
| 17 | केरल | 5561 | 34932 | 9682 | 757 | 54259 | 3327 |
| 18 | लद्दाख | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 19 | लक्षद्वीप | 131 | 36 | 0 | 298 | 478 | 13 |
| 20 | मध्य प्रदेश | 1872 | 5951 | 1003 | 18033 | 28064 | 1205 |
| 21 | महाराष्ट्र | 4335 | 30153 | 7440 | 17388 | 62991 | 3675 |
| 22 | मणिपुर | 16 | 0 | 0 | 375 | 393 | 2 |
| 23 | मेघालय | 0 | 0 | 0 | 13 | 13 | 0 |
| 24 | मिजोरम | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 25 | नागालैंड | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 26 | ओडिशा | 489 | 28 | 2391 | 3068 | 6102 | 126 |
| 27 | पुडुचेरी | 24 | 62 | 4 | 507 | 624 | 27 |
| 28 | पंजाब | 730 | 8 | 1 | 25228 | 26190 | 223 |
| 29 | राजस्थान | 2682 | 2560 | 290 | 10781 | 26914 | 10601 |
| 30 | सिक्किम | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 31 | तमिलनाडु | 2597 | 2323 | 1308 | 5214 | 12186 | 744 |
| 32 | तेलंगाना | 3947 | 8929 | 1765 | 42742 | 63337 | 5954 |
| 33 | दादरा एवं नगर हवेली और | 1 | 1 | 0 | 0 | 2 | 0 |

| क्र. सं. | राज्य वक्फ बोर्ड | मेकर द्वारा प्रविष्टि के लिए शुरू की गई वक्फ संपत्तियों की संख्या | मेकर द्वारा प्रस्तुत की गई वक्फ संपत्तियों की संख्या (चेकर के पास लंबित) | चेकर द्वारा प्रस्तुत की गई वक्फ संपत्तियों की संख्या (अनुमोदनकर्ता के पास लंबित) | अनुमोदनकर्ता द्वारा स्वीकृत वक्फ संपत्तियों की संख्या | अब तक शुरू/ पूर्ण की गई वक्फ संपत्तियों की कुल संख्या | चेकर/अनुमोदनकर्ता द्वारा अस्वीकृत वक्फ संपत्तियों की कुल संख्या (मेकर के पास लंबित) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | **(A)** | **(B)** | **(C)** | **(D)** | **(A+B+C+D+E)** | **(E)** |
| | दमन एवं दीव | | | | | | |
| 34 | त्रिपुरा | 23 | 0 | 0 | 2712 | 2780 | 45 |
| 35 | उत्तराखंड | 283 | 57 | 34 | 1537 | 2546 | 635 |
| 36 | उत्तर प्रदेश शिया | 872 | 1817 | 2199 | 1334 | 7611 | 1389 |
| 37 | उत्तर प्रदेश सुन्नी | 11784 | 66358 | 3087 | 14124 | 98220 | 2867 |
| 38 | पश्चिम बंगाल | 4066 | 51875 | 6296 | 16771 | 81818 | 2810 |
| | कुल | 50171 | 212645 | 36103 | 300127 | 636558 | 37512 |

*****